# सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र. / परीक्षा / 2025 / 1652 दिनांक : 18.12.25

## –:: अधिसूचना ::–

विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में संचालित सत्र 2025–2026 के बी.टेक प्रथम, तृतीय, पंचम, सप्तम नियमित / पूर्व / एटीकेटी एवं बी.टेक. द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम एवं अष्ठम सेमेस्टर के एटीकेटी तथा एम.टेक प्रथम, तृतीय नियमित / पूर्व / एटीकेटी तथा एम.टेक, द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर एटीकेटी के छात्रों से ऑनलाइन के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र जमा करवायें जाने की तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती है :– (समस्त प्राप्य)

1) **बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र**

"दिनांक 20 दिसम्बर, 2025 से 05 जनवरी, 2026 तक"

(2) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/–के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

"दिनांक 06 जनवरी, 2026 से 10 जनवरी, 2026 तक"

(3) **विलम्ब शुल्क रू. 750/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

'दिनांक 11 जनवरी, 2026 से 12 जनवरी, 2026 तक"

(4) **विशेष विलम्ब शुल्क रू. 2000/–के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

'दिनांक 13 दिसम्बर, 2026 से प्रत्येक पाठ्यक्रम की परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक"

परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी दिशा–निर्देश –

01) विभागाध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष, संबंधित अध्ययनशाला की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित अध्ययनशाला का होगा।

02) विभागाध्यक्ष संबंधित अध्ययनशाला के परीक्षा आवेदन पत्र के परीक्षार्थी से ऑनलाइन के माध्यम से जमा करायेगें परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क एवं अग्रेषण शुल्क भी परीक्षा आवेदन के साथ ही परीक्षार्थी को ऑनलाइन जमा कराना होगा।परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ

03) परीक्षा फार्म के साथ विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क 250/–एवं प्रति छात्र अगेषण शुल्क 70/– इस प्रकार कुल राशि रूपये 320/– तथा अन्य संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन 200/–एवं अ्रेषण शुल्क 70/– इसप्रकार रूपये 270/– परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षार्थी समस्त शुल्क एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से विश्वविद्यालय के खाते में जमा करेंगे।

04) समस्त परीक्षार्थी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से सम्पूर्ण परीक्षा शुल्क, संचालन शुल्क एवं अग्रेषण शुल्क अधिकृत क्योस्क सेन्टरों में जमा करेंगे।

05) संबंधित विभागाध्यक्ष / प्राचार्य परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

06) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात **तीन (03) दिवस** के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें।

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक
Asst. Registrar (Exam)
Vikram University, Ujjain

32

क्रमांक / परीक्षा / 2025 / 1653 दिनांक : 18.12.25

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्राचार्य संबंधित संस्थान / उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन हैं कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान / अध्ययनशाला / महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।

02. माननीय कुलगुरूजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन।

03. कुलानुशासक / मीडिया प्रभारी, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन।

04. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण संकाय, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन।

05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन।

06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन। की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

07. प्रभारी, मुद्रणालय / पूछताछ कार्यालय, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन।

08. सहायक कुलसचिव, लेखा / गोपनीय विभाग, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन।

09. संपादक / प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .......... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

Section Officer (Exam)
Vikram University, Ujjain